




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 306 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 22 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया



**आवश्यकता है**
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648


### नाबालिगों के बाईक चलाने पर जागरुकता अभियान अधर में लटका...

## मनमर्जी की फीस, बेलगाम कोचिंग सेंटर!

**कोचिंग क्लासेस की जांच केवल तलघर तक सीमित रही, पढ़ाई के नाम पर मोटी फीस वसूली**

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। कोचिंग संस्थानों के संबंध में एक बात यह भी सामने आती है कि वे मनमर्जी की फीस वसूलते है। फीस कितनी होनी चाहिए, और कितनी तय की जा सकती है, इसमें सामाजिक सरोकार की जरूरत है। अधिकतर कोचिंग संस्थान मनमर्जी की फीस वसूल रहे हैं। साथ ही कई सेंटर बेलगाम भी है। गली मोहल्लों में खोले गए इन ट्यूशन संचालकों को नियम कायदे में लाना समय की दरकार है।**

शहर में अनगिनत निजी स्कूल खुल गए हैं। इन स्कूलों में कक्षा 9वीं से लगाकर 12वीं कक्षा तक विद्यार्थी पढ़ते हैं। निजी स्कूलों में पढ़ाई के बाद माता-पिता इस लिहाज से ट्यूशन लगाते हैं कि उनके बच्चे पिछड़े नहीं। इसी कारण कोचिंग संस्थानों की एक तरह से बाढ़ आ गई है। स्कूलों में जितनी अच्छी पढ़ाई हो सकती है, उतनी अच्छी होती है या नहीं, इसका प्रमाण भी बेधड़क खुले कोचिंग संस्थान हैं, जहां कर्ताधर्ता मोटी फीस वसूलते रहे है। बच्चों की पढ़ाई में ट्यूशन लगाना भी जरूरी कार्य माना जा सकता है, लेकिन दबावपूर्वक ट्यूशन किसी गंभीर समस्या की ओर ईशारा करता है। जिला प्रशासन ने कोचिंग संस्थानों के नियमों के घेरे में अभी तक नहीं लिया है, लिहाजा कोचिंग संस्थान बेधड़क संचालित हैं।

**सरकारी शिक्षक कर रहे ट्यूशनखोरी**–बता दें कि सरकार ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति इसलिए की है कि वे बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं। सरकारी स्कूलों का ढर्रा कैसा है, यह सर्वविदित है। अधिकतर यह भी देखने में आता है कि सरकारी शिक्षक स्कूल की बजाय निजी तौर पर भी ट्यूशन के लिए दबाव बनाते है। सरकारी शिक्षकों की ट्यूशनखोरी पर लगाम लगाने में प्रशासनिक अधिकारी भी बेपरवाह है।

**नाबालिग आते हैं बाईक से, जबकि नियम के तहत नहीं कर सकते ड्राईव**–मंदसौर शहर सहित जिले के बड़े नगरों में कई जगह कोचिंग संस्थान खुले हुए है। इन कोचिंग संस्थानों पर नाबालिग बच्चों की सुरक्षा पर कितना ध्यान दिया जा रहा है, यह इस बात से समझा जा सकता है कि नाबालिग बच्चे कोचिंग सेंटरों पर दोपहिया वाहन लाकर पढ़ाई कर रहे है। कोचिंग सेंटर संस्थान के संचालकों को इससे कोई लेना देना नहीं है कि संबंधित नागालिग बच्चों के हाथ में बाईक है या नहीं।

**तलघर को जांचने तक सीमित रही जिम्मेदारों की कार्रवाई**–हाल ही में कोचिंग सेंटर से संबंधित सुरक्षा के मापदंड नापे गए थे। लेकिन, ये मापदंड तलघर तक सीमित रहे। यातायात पुलिस भी यह दावा करती रही है कि वे नाबालिग बच्चों के हाथ में वाहन आने पर कार्रवाई करती है, लेकिन कार्रवाई कहां होती है, यह भी समझा.... **शेष पेज 4 पर**

### न संकेतक, न स्टॉपर और न ही सीसीटीवी कैमरे...

## टोल वसूली से सरोकार..! हवा में सुरक्षा मापदंड

**कई डेंजर जोन चौराहे, मार्ग संगम पर पाइन्टों पर संकेतक नहीं, अनदेखी जारी**

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले में टोल कंपनियों को केवल टोल वसूली से सरोकार है। सुरक्षा के नाम पर की जाने वाली कार्य नहीं होने का ही परिणाम है कि दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इधर अधिकारियों की बात करें तो इस मामले में मूकदर्शक भी देखने को तैयार नहीं है। जिले के महू–नीमच राजमार्ग, मंदसौर–चौमेहला राजमार्ग, बसई–डिगांव मार्ग, मूंदड़ी–नाहरगढ़ मार्ग और मंदसौर–रेवास देवड़ा मार्ग पर ही देखे तो स्थिति का पता चल जाएगा। यहां रोशनी की व्यावस्था, मार्ग संगम पर स्टॉपर, प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरे, सुविधाघरों का अभाव है।

**राजमार्ग का साठ किमी मार्ग सुरक्षा के नाम पर लावारिस**–महू–नीमच राजमार्ग का जिले में लगभग 60 किमी तक का हिस्सा गुजरता है। इसमें कई जगह तो यातायात संकेतक लगे हुए हैं, लेकिन डेंजर जोन वाले चौराहों, मार्ग संगम पर आने वाले शहर व गांवों सहित अधिकांश जगह संकेतक नहीं लगे हुए हैं। इसके चलते लोग कई आगे निकल जाते हैं। सबसे ज्यादा समस्या रतलाम व नीमच दोनों तरफ से मंदसौर आने वालों को होती है। मंदसौर के दोनों ही तरफ बायपास पर चौराहों पर न तो ठीक से लाइट की व्यवस्था है और न ही संकेतक ऐसे लगे हुए है जो वाहन चालकों को ठीक से दिख सकें। इसके चलते कई बार होता यह है कि लोगों को मंदसौर शहर में प्रवेश करने के बजाय भ्रमित होकर बायपास पर चले जाते हैं और कुछ किलोमीटर आगे जाकर फिर लौटते हैं। यह स्थिति अन्य मार्गों पर भी है। सभी जगह यातायात घना होने से संकेतक नहीं होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी भी रहती है और होती भी है। जबकि संकेतकों को स्पष्टता के साथ एक किमी पूर्व से ही लगाना चाहिये। और उस पर किमी भी अंकित होना चाहिए।

**रात्रि में नहीं रहते हैं रेडियम युक्त स्टॉपर**–जिले के प्रमुख फोरलेन मार्ग पर पूरी तरह टोल वसूली हो रही है। इसके अलावा मंदसौर–चौमहला व मंदसौर–सुवासरा मार्ग पर भी टोल वसूली होती है। इसके बाद भी टोल कंपनी इन मार्गों पर सुविधाएं देने में काफी पीछे है। अधिकांश स्थानों पर आने वाले शहर व व गांव के प्रवेश के बोर्ड लगे हैं, पर वह रात में नजर नहीं आते हैं। डायवर्सन उस स्थान बनाया जाता है जहां पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही बायपास पर भी है इस तरह के डायवर्सन बोर्ड लगाना आवश्यक होते हैं। देखने में आया कि डायवर्सन बोर्डों का अभाव रहता है। दिन में तो किसी तरह से व्यवस्था बन जाती है, लेकिन रात के समय में डायवर्सन मार्ग पर रेडियम युक्त पर संकेतक नहीं होने से बेहद चिंताजनक स्थिति बन जाती है। कई बार निर्माणधीन सड़क और बायपास के परिवर्तित मार्ग पर हादसे होते हैं। दिन में फोरलेन स्टाफ के कर्मचारी तैनात नहीं रहते हैं रात की तो बहुत दूर की बात है।

**सीसीटीवी कैमरे नहीं होने से पकड़ से दूर हादसों के जिम्मेदार**–मंदसौर जिले के एकमात्र फोरलेन महू–नीमच राजमार्ग पर सबसे बड़ी समस्या रांग साइड चलने वालों की भी है। दो से तीन किमी का चक्कर बचाने के लिए मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहन चालक, ट्रैक्टर व अन्य छोटे वाहन चालक फोरलेन पर गलत साइड में चलते हैं। इन पर निगरानी के लिए टोल कंपनी को कैमरे लगाना चाहिये। दिन भर में सैकड़ों वाहन इस तरह सफर करते हैं और छुट-पुट दुर्घटनाएं तो रोज होती ही हैं। कई बार बड़ी भी हो जाती हैं। सीसीटीवी कैमरे नहीं होने से हादसों के जिम्मेदार भी पकड़ में नहीं आ रहे हैं। कम दूरी तय करने व पेट्रोल–डीजल बचाने के लालच में हादसों को न्योता दे रहे हैं। फोरलेन की टोल कंपनी के जिम्मेदारों ने भी इस तरह के वाहन चालकों को रोकने के लिए किसी भी तरह से फोरलेन के कर्मचारी की तैनाती रहती है।

**सुविधाघर और प्रतिक्षालय नहीं बन पाए**–फोरलेन व अन्य टोल मार्गों पर वाहन चालकों व यात्रियों की सुविधा के लिए ले बाय बनाना भी जरूरी है। और इसके लिए भी दो ले बाय के बीच की न्यूनतम दूरी 40 किमी होना चाहिए। इन जगहों पर वाहन खड़े करने के समुचित स्थान के साथ ही महिला व पुरुषों के लिए सुविधाघर व व एक प्रतीक्षालय जैसा बड़ा कमरा बनाना है जिसमें ट्रक चालक या अन्य लोग सुस्ता सकें। फोरलेन पर ले बाय तो बने हैं पर उनके बीच की दूरी 50 किमी से भी ज्यादा है। इसके अलावा रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हैं पानी भी कई बार रहता ही नहीं है। इससे यात्री भटकते रहते हैं। वहीं कुछ लोग पेट्रोल पंपों पर जाते हैं पर पेट्रोल पंप पर पेयजल तथा पुरुष और महिलाओं के अलग-अलग सुविधाघर मिल जाते हैं, पर रेस्ट एरिया नहीं होता ।है। अल्पाहार का भी इंतजाम नहीं होता है।

### नयाखेड़ा फंटे पर दो कारें टकराई, महिला–पुरुष घायल

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नयाखेड़ा फंटे पर बुधवार दोपहर में दो कारें आपस में टकरा गई। इससे एक कार में बैठे एक पुरुष और दूसरी कार में सवार एक महिला घायल हुई, जिन्हें बड़े अस्पताल में उपाचार के लिए लाया गया। नई आबादी थाना पुलिस के अनुसार नयाखेड़ा फंटे पर दो कारों की आमने–सामने भिड़ंत हुई। इसमें एक कार में सवार घनश्याम पिता भगतराम पाटीदार 52 वर्ष निवासी राकोदा थाना भावगढ़ एवं दूसरी कार में सवार महिला शिवकुंवर पति रामेश्वर धाकड़ 55 वर्ष निवासी धमनार थाना दलौदा को चोट लगी। कार में अन्य लोग भी सवार थे, जो चोटिल नहीं हुए हैं। दुर्घटना में कार के कुछ हिस्से को नुकसान पहुंचा है।

### रेलवे ट्रेक पर मृत मिला युवक, शिनाख्त बाकी

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ थाने के तहत ग्राम कुरलासी के समीप रेलवे खंड के ट्रेक पर बुधवार सुबह एक युवक का शव मिला है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है, क्योंकि उसके पास से कोई पहचान के दस्तावेज नहीं मिल पाए। पुलिस के अनुसार सूचना पर गरोठ–कुरलासी के बीच रेलखंड पर जाया गया। यहां करीब 28 से 30 वर्षीय युवक का शव ट्रेक के समीप पटरी के बाहर पड़ा मिला है। यह तो स्पष्ट है कि मृतक की मृत्यु ट्रेन के टकराने से हुई है। लेकिन, उसने खुदकुशी की है अथवा वह ट्रेन में सफर के दौरान गिरा है, इसका पता नहीं चल सका है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### मामला दो युवकों से बरामद एमडी ड्रग और अफीम...

## रिमांड पर एमडी ड्रग और अफीम बरामदगी के आरोपी, दो फरारों की तलाश जारी

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना पुलिस द्वारा डिगांव और कचनारा के समीप घेराबंदी कर दो युवकों के कब्जे से 320 ग्राम एमडी ड्रग और 184 ग्राम अफीम बरामद की थी। इस प्रकरण में पूर्व में राजस्थान के चौकड़ी गांव के जीतू बंजारा को पुलिस ने सह आरोपी बनाया था। मामले में एक और आरोपी बनाया गया है, जिसे धमोतर थाना क्षेत्र का नफीस बताया है। पुलिस द्वारा दोनों फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। उनके घरों पर जाकर भी पड़ताल की, लेकिन दोनों नहीं मिल पाए।

पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना पर डिगांव-कचनारा मार्ग पर नाकाबंदी की गई। यहां बिना नम्बर की पल्स बाइक को रोका। बाईक पर सवार आरोपी बंटी पिता कारुलाल बंजारा 22 वर्ष एवं भूरालाल पिता लक्ष्मण बंजारा 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम हनुमंतिया थाना रिंगनोद जिला रतलाम के हैं। बंटी के पास 340 रूपए और भूरालाल के पास से 110 रूपए नकदी सहित दोनों के पास मिले हैं। ऐसे में वे बाईक से महंगी प्रतिबंधित ड्रग और अफीम का परिवहन कर रहे थे, यह भी जांच पड़ताल का विषय है। कोरियर की भूमिका में दोनों ड्रग छुटपुट परिवहन का कार्य करने की शंका हैं। हालांकि, यह भी सामने आया था कि आरोपी मादक पदार्थ को डिगांव, कचनारा के रास्ते भवानीमंडी तक पहुंचाने वाले थे। इसके पूर्व मुखबीरी में दोनों पकड़ा गए। पूछताछ में इन्होंने चौकड़ी ग्राम थाना धमोतर निवासी जीतू पिता गोपाल बंजारा से मादक पदार्थ लाना बताया था। नाहरगढ़ थाना निरीक्षक प्रभात गौड़ ने बताया कि आरोपी का तीन दिन का रिमांड मिला है, जिससे पूछताछ की जा रही है। पूर्व में चौकड़ी ग्राम के जीतू बंजारा का नाम आया था, इसके बाद धमोतर थाना क्षेत्र के ही नफीस का नाम आया है। दोनों फरार हैं।

### वन विभाग ने आधी रात को पकड़ा मगरमच्छ

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघुनिया अंतर्गत गांव खींची का खेड़ा में वन विभाग की टीम ने आधी रात को मगरमच्छ का रेस्क्यू कर चंबल नदी में छोड़ा। रात ग्यारह बजे रामविलास खिंची के घर सीसीटीवी कैमरे में एक मगरमच्छ दिखाई दिया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम खींची का डेरा पहुंची। रात्रि 3 बजे तक मगरमच्छ को टीम द्वारा रेस्क्यू कर खड़ावदा क्षेत्र के बर्रामा में चम्बल नदी में छोड़ा गया। इस दौरान वन विभाग से मेलखेड़ा बिट प्रभारी पंकज फरक्या, रेस्क्यू प्रभारी मुकेश मालवीय, सुरक्षा समिति बालाराम सेन, किशोर गोस्वामी, रामपाल मीणा, शंकरसिंह, थाना शामगढ़ से आरक्षक देवेंद्रसिंह व ग्रामीणजन द्वारा रेस्क्यु किया गया। यहां मेलखेड़ा बीट प्रभारी पंकज फरक्या मौजूद थे। मगरमच्छ लगभग 4 फीट लंबा था।

### महिला ने फंदे पर लटककर खुदकुशी की

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा थाने के तहत ग्राम हनुमंतिया में बुधवार को एक महिला ने अपने घर में फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार महिला टमाकुंवर पति स्व. श्रवणसिंह देवड़ा ने अज्ञात कारणों के चलते मौत को गले लगा लिया। सूचना पर गांव में पुलिस पहुंची। मौके से कोई सुसाईड नोट नहीं मिलने की जानकारी बताई गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### मामला डॉ. भरत संगतानी के डायग्नोस्टिक सेंटर के बाद कार में आगजनी का...

## डॉक्टर की कार में आग लगाने के मामले में संदिग्ध को उठाया

**कोतवाली टीआई और सीएसपी अपडेट नहीं, जांचकर्ता ने कहा– हो रही पूछताछ**

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** डॉक्टर भरत संगतानी के रामटेकरी स्थित घर के बाहर रखी कार को आग के हवाले करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने कुछ संदिग्ध को उठाया है। हालांकि उनसे रात्रि तक पूछताछ चलती रही, जिसमें पूरी तरह सफलता हाथ नहीं लगी है। संदिग्ध से पूछताछ में कड़ी से कड़ी जोड़कर देखा जा रहा है। मामले में सफलता से कोतवाली पुलिस रात्रि तक दूर ही रही थी। उधर, कोतवाली टीआई पुष्पेन्द्रसिंह राठौड़ और सीएसपी सतनामसिंह इस मामले से अपडेट नजर नहीं आए। जबकि यह मामला बहुचर्चित रहा है। उधर, कोतवाली के होनहारों को डॉक्टर के डायग्नोस्टिक सेंटर में आग लगाने के मामले में भी जांच की जानी है। क्योंकि मई माह के अंतिम दिनों में डायग्नोस्टिक सेंटर पर भी अज्ञात बदमाशों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। दोनों पहलु एक ही हैं, क्योंकि लपेटे में डॉक्टर संगतानी ही आए हैं।

बता दें कि डॉ. भरत संगतानी का पारिवारिक विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। कुछ दिनों पहले डॉ. भरत संगतानी पर दुष्कृत्य का आरोप लगा था। करीब तीन महीने पूर्व 28-29 मई की रात्रि में बड़े अस्पताल के सामने स्थित डायग्नोस्टिक सेंटर में आग लगा दी गई। पिछले दिनों 13-14 अगस्त की रात्रि में डॉक्टर की कार को आग के हवाले किया गया था। इस मामले में भी सीसीटीवी वीडियो सामने आया था, जिसमें तीन बदमाश की यह करतूत नजर आई। पूर्व में डायग्नोस्टिक सेंटर पर हुई आगजनी के मामले में कोतवाली के होनहारों द्वारा जांच की गति को धीमा कर दिया गया था। इस कारण समय के साथ यह घटना भूल–भूलैया में होती रही, लेकिन फिर से उनकी कार में आग लगाने के मामले से यह मामला भी ताजा हो गया। दो मामले होने पर कोतवाली के होनहार सक्रिय हुए। आरोपियों की तलाश करने टीमें गठित की गई। बुधवार को कोतवाली पुलिस के हाथ कुछ संदिग्ध लगे हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मामले में जांचकर्ता उपनिरीक्षक शैलेन्द्रसिंह कनेश ने बताया कि संदिग्ध से पूछताछ में लगे हैं, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। कोतवाली निरीक्षक राठौड़ ने कहा कि कोई सफलता नहीं मिली है। सीएसपी सतनामसिंह ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है, कोतवाली टीआई ही बता सकते हैं।

### बंद के समर्थन में संगठनों ने निकाली रैली...

## शहर व अंचल में भारत बंद का मिलाजुला असर

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सुप्रीम कोर्ट के एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने के फैसले के खिलाफ बुधवार को दलित व आदिवासी संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया। मंदसौर जिले में इसका मिला जुला असर दिखाई दिया। मंदसौर शहर सहित अंचल के कुछ क्षेत्र बंद रहे तो कुछ क्षेत्रों में बंद का कोई असर नजर नहीं आया। बसपा सहित अन्य दलित संगठनों ने रैली निकालकर दुकानदारों को बंद में समर्थन करने की अपील की।



इसके बाद दोपहर में दलित व आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। हालांकि बंद के दौरान एमरजेंसी सेवाएं जारी रही।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी आरक्षण में क्रिमीलेयर और उपवर्गीकरण करने के फैसले के खिलाफ अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ मोर्चा ने 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया था। संगठनों ने इसका ऐलान भी करवाया वही सोशल मीडिया पर भी भारत बंद की पोस्ट के चलते आमजन व व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। उल्लेखनीय है कि क्रीमीलेयर के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ कई दलित और आदिवासी संगठनों ने ये बंद बुलाया था।

**दोपहर बाद खुली दुकानें**–बंद के दौरान परिवहन व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ा। लेकिन बाजार बंद रहे। स्कूल भी खुले रहे। सुबह से दोपहर तक शहर के पुराने इलाके में व्यापारी आधा शटर बंद करके व्यापार करते नजर आए। इसके अलावा दोपहर बाद दुकानें खुलती हुई नजर आई।

**रैली निकाली, हुई बहस**–बाजार बंद करने के लिए एक रैली भी निकल गई। दुकान बंद करने के दौरान पुलिस को भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के बीच बहस भी हुई। नयापुरा रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट को कार्यकर्ताओं ने बंद कराया।

### सार्वजनिक अवकाश घोषित...

## 25 व 26 अगस्त को बैंक-स्कूल सब रहेंगे बंद

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अगस्त का महीना त्यौहारों से भरा होने के कारण छुट्टियों से भी भरपूर है। पहले 15 अगस्त फिर रक्षाबंधन के कारण अवकाश रहा तो अब जन्माष्टमी पर भी छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है। 26 अगस्त को जन्माष्टमी पर मध्यप्रदेश सरकार ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खुद ट्वीट कर 26 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश की जानकारी दी। जिसके कारण अब 26 अगस्त को बैंक-स्कूल सब बंद रहेंगे।

**25 को रविवार 26 को जन्माष्टमी**–बता दें कि 25 अगस्त को रविवार है जिसके कारण सारे स्कूल और ऑफिस में छुट्टी होती है। 26 अगस्त को जन्माष्टमी का त्योहार है। जन्माष्टमी पर सरकार ने सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर दी है। शनिवार और रविवार के बाद सोमवार को जन्माष्टमी पर सार्वजनिक घोषित होने के कारण लोगों को लगातार अवकाश मिल रहे हैं।

## खेत पर जाने के लिए निकले शिक्षक का शव कुएं में मिला



**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ थाना क्षेत्र के चंदवासा ग्राम में एक शिक्षक का शव कुएं में मिला है। मृतक अपनी मां के साथ गांव में अकेला रहता था। शिक्षक की मृत्यु हादसा है या उसने सुसाइड किया है? पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है।

चंदवासा चौकी प्रभारी विकास गेहलोद ने बताया कि उन्हें मंगलवार दोपहर 12 बजे सूचना मिली थी कि गांव का श्यामलाल पिता बगदीराम बामनिया 25 वर्ष सुबह से लापता हैं। उनकी चप्पल और कुछ राखियां कुएं के बाहर पड़े हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कुएं में सर्चिंग के बाद शव बरामद कर लिया। दोपहर बाद शामगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। बताते हैं कि मृतक सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षक था। सुबह वह खेत पर जाने का कहकर घर से निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो मां उसे खोजते हुए खेत पर पहुंची जहां कुएं के बाहर उसकी चप्पल मिली। आशंका हुई तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार मृतक अपनी 60 वर्षीय मां के साथ अकेला रहता था, एक बहन के अलावा उसका कोई रिश्तेदार नहीं है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## लिथियम का भंडार भारत का भाग्य विधाता बनेगा...

**उज्जैन/मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान युग में ऊर्जा शक्ति के क्षेत्र में लिथियम जिसे दुनिया भर के शोधार्थी सफेद सोना कहने लगे हैं, सबसे उपयुक्त मानी जा रही है। हाल ही की खोजो से पता चला है कि जम्मू कश्मीर के रिआसी जिले में 60 लाख टन लिथियम का भंडार मिला है। इस मात्रा के आधार पर भारत लिथियम धातु के मामले में विश्व में दूसरे स्थान का भंडारक हो जाएगा। इसे अपने खरीदने के लिए प्रत्येक प्रगतिशील देश ललायित होने के साथ ही कोई भी कीमत देने को तैयार हैं। इसका प्रमुख कारण है कि वर्तमान युग की किसी भी प्रकार की बैटरी के निर्माण में लिथियम धातु प्रमुख संवाहक दीर्घकालिक होने के साथ अन्य धातु से बहुत ही कम वजन की होती है।



चन्द्रमोहन भगत

फरवरी महीने में भारतीय खनिज संपदा मंत्रालय इस बात की पुष्टि कर चुका है कि जम्मू कश्मीर के रिआसी जिले में लिथियम धातु का 60 लाख टन का जो भंडार मिला है, वह लिथियम भंडारण में भारत को विश्व में दूसरे स्थान का भंडारक बना देगा। पहले स्थान पर चीली 9.02 मिलियन टन ऑस्ट्रेलिया 5.7 मिलियन टन के भंडारण के साथ तीसरे स्थान पर आ जाएगा। जब से ऊर्जा के क्षेत्र की बैटरी बनाने में लिथियम का उपयोग होने लगा है तब से इसकी मांग और कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। बीते सालों में भारत ने भी 8800 करोड़ की लिथियम बैटरियां और 170 करोड़ रुपए का लिथियम आयात किया था। इसकी विश्व बाजार में लागत 60 हजार करोड़ थी। दो साल पहले कर्नाटक में भी 1600 टन लिथियम मिलने का समाचार आया था । आज स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक से चलने वाले वाहन वह अन्य संयंत्रों में भी लिथियम की बैटरी का उपयोग करने का मुख्य कारण इसका वजन अन्य धातु के उपयोग वाली बैटरी से आधा होना चलने का समय 10 गुना अधिक होना तथा कार्बन उत्सर्जन में भी कमी करना है। भारत से मिले लिथियम भंडार को जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया ने जीम3 केटेगिरी का माना है। इसे खदान से निकालने लायक तभी माना जाएगा, जब उन्नत केटेगिरी जीम1 तक लाया जाएगा। दुनिया मान रही है कि इसका उत्पादन बाजार में आते ही भारत तेजी से आर्थिक प्रगति करने लगेगा। जानकारों का यह भी मानना है कि इसे निकालने से अन्य खदानों की तरह पर्यावरण पर असर पड़ेगा ही, जिसका ध्यान रखकर ही इसका उत्पादन करना होगा। अन्यथा जोशी मठ जैसी घटना संभावित होगी। इसे बाजार लायक एक टन लिथियम बनाने में 20 लाख टन से अधिक पानी लगेगा । जिन भारी संयंत्रों से इसे निकाला जाएगा तब कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ जाएगा।

रिआसी की खदानों से ऐसे निकाल कर विश्व बाजार में लाने तक 7 साल का समय लगने का अनुमान बताया जा रहा है। 2028 तक ही इसकी कीमत दोगुनी हो जाएगी। इसको प्रोसेस करने और बैटरी बनाने में चीन सबसे आगे 58 प्रतिशत,चिली 29, तो अर्जेंटीना 10 प्रतिशत पर है। जाहिर है, भारत जितनी जल्दी इसे विश्व बाजार में बेचने लगेगा, उतनी ही जल्दी विदेशी मुद्रा का भारतीय खजाने में आकार बढ़ने लगेगा। तब नार्वे और यूएई की तरह वैश्विक आर्थिक स्थिति में भारत आत्मनिर्भरता के उन्नत अंक प्राप्त करने लगेगा।

# पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर खसरा, ईकेवायसी का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करवाएं-चंद्रा

**कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा की**



**नीमच, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत समग्र, खसरा, ईकेवायसी के लिए ग्राम पंचायत स्त र पर विशेष शिविर लगाकर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, वीएलई एवं पटवारी के माध्यम से पंचायत स्तर पर ही किसानों के खसरा, ईकेवायसी का कार्य मिशन मोड में पूर्ण करवाएं। इस कार्य की प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को कलेक्टोरेट में आयोजित सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए।

**राजस्व महाअभियान में शतप्रतिशत प्रकरणों का निराकरण करें-** कलेक्टर श्री चंद्रा ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि शतप्रतिशत राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। एक भी प्रकरण लंबित ना रहे। उन्होने ई-केवायसी एवं नक्शा तरमीम का कार्य विशेष अभियान चलाकर पूरा करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि पटवारी हर रोज प्रतिदिन क्षेत्र का भ्रमण कर कार्य करे और शाम को तहसील कार्यालय में बैठक कर नक्षा तरमीम का कार्य पूर्ण करें। उन्होने आर.सी.एम.एस में दर्ज निराकरण का प्रतिशत 90 प्रतिशत से अधिक रखने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने महाअभियान के तहत राजस्व विभाग से संबंधित सभी पांच बिंदुओं पर शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा, कि नामांतरण, बंटवारा, प्रकरणों के निराकरण, नक्षा तरमीम, ईकेवायसी की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा एसडीएम नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, गांवो में आयोजित विशेष ईकेवायसी शिविरों का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाए।

**स्वामित्व योजना का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं:-** बैठक में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने स्वामित्व योजना की अब तक की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में 613 गांवों में से 491 गांव स्वामित्व योजना में पूरे कर लिए गए है। 9 गांव के आर.ओ.आर. की एंट्री सारा पोर्टल पर की जा रही है। 21 गावों में रिड्रोन फ्लाई किया गया है। 9 गावों में ग्राउण्डं ट्रूथिंग का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत जिले में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। कलेक्टर श्री चंद्रा ने शेष कार्य भी 15 नवम्बलर के पूर्व पूरा कर शतप्रतिशत लक्ष्य हांसिल करने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना में जिन गांवों का व्दितीय प्रकाशन नहीं हुआ है, वहॉ व्दितीय प्रकाशन की कार्यवाही पूर्ण करवाएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मानन निधि के लंबित 1039 ईकेवायसी भी एक सप्ताह में पूर्ण करवाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए गए।

**भू-राजस्व वसूली के लिए शिविर लगाए:-** कलेक्टर श्री चंद्रा ने भू-राजस्व मदों में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व की वसूली की प्रगति बढाने के निर्देश देते हुए कहा कि तहसीलदार ड्रायवर्जन मद में शिविर लगाकर वसूली बढाये।

**समय सीमा में सेवाएं प्रदान करें:-** कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी राजस्व अधिकारियों को लोकसेवा प्रदाय की गारंटी अधिनियम के तहत राजस्व विभाग से संबंधित सेवाएं समय सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत कोई भी आवेदन समय सीमा से बाह्य न हो। इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होंने सीएम हेल्पईलाईन में दर्ज शिकायतों का संतुर्ष्टी के साथ निराकरण करने और निराकरण का प्रतिशत बढाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोई भी राजस्व अधिकारी किसी भी शिकायत को 50 दिवस से अधिक लंबित ना रखे। उन्होने नॉन अटेण्ड्ट शिकायतों पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने स्तर पर प्राप्त शिकायतों को स्वयं देखे और उनका निराकरण प्रतिवेदन ऑनलाईन दर्ज करवाएं।

**सीमांकन कार्य की सराहना:-** राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी राजस्व अधिकारियों व्दारा सीमांकन का उत्कृष्ट कार्य करने की सराहना करते हुए जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान में भी सभी राजस्व अधिकारी मिशन मोड में कार्य करें और राजस्व महा अभियान 2.0 के क्रियान्वयन में नीमच जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो, ऐसा प्रयास करें। बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, प्रभारी अधिकारी भूअभिलेख सुश्री प्रीति संघवी, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## रोजगार मेले का आयोजन 28 को

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रोजगार संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजना किया गया है। रोजगार मेले का आयोजन 28 अगस्त 2024 को प्रात: 11 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नयाखेड़ा में आयोजित किया जाएगा।

## भक्ति पर्व का आयोजन 26 को

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति पर्व कार्यक्रम शाम 6 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण केंद्रित, नृत्य नाटिका, भक्तिगायन एवं बरेदी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति मंदसौर की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 22 अगस्त 2024 को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सायं 5 बजे आयोजित की जाएगी।



## भुजरिया पर्व को गवली ग्वाला समाज ने धूमधाम से मनाया

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गवली ग्वाला समाज ने भुजरिया पर्व को बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। यह पर्व मुख्यत: अच्छी बारिश, समृद्ध फसल और समाज की सुख-समृद्धि की कामना के लिए मनाया जाता है। भुजरिया पर्व, जिसे कजलियों का पर्व भी कहा जाता है, श्रावण मास की पूर्णिमा के अगले दिन मनाने की परंपरा है। इस अवसर पर समाज की महिलाएं सिर पर भुजरियों की टोकरी लेकर चल समारोह में शामिल हुई। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर पारंपरिक गीतों के साथ नृत्य किया गया, जिसमें समाज के पुरुष भी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

समारोह नरसिंहपूरा हरदेवलाला मंदिर से प्रारंभ हुआ और विभिन्न मार्गों र्से होते हुए शिवना नदी के तट पर समाप्त हुआ। यहां भुजरियों को नदी में प्रवाहित किया गया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर स्थानीय नेता और पार्षद दिव्या अनूप माहेश्वरी तथा समाज के अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित रहे। विनय दुबेला, अध्यक्ष मंदसौर कमर्शियल सहकारी साख संस्था, ने कहा कि भुजरिया पर्व प्रकृति प्रेम और हरियाली का उत्सव है, जो समाज के बीच एकता और समृद्धि का प्रतीक है। भुजरिया पर्व के लिए सावन मास में गेहूं या जौ के दानों को बांस की टोकरियों में बोया जाता है। एक सप्ताह में इन दानों से पौधे निकलते हैं, जिन्हें भुजरियां कहा जाता है। श्रावण पूर्णिमा तक ये पौधे चार से छह इंच तक बढ़ जाते हैं। रक्षाबंधन के अगले दिन घरों में खीर-पूरी का भोग लगाकर पूजा की जाती है। इसके बाद सभी समाजजन एकत्र होकर चल समारोह के साथ भुजरियों को शिवना नदी में प्रवाहित करते हैं और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं।

## शैक्षिक संगोष्ठी में शिक्षक वर्ग में...

# नागर एवं शिक्षिका वर्ग में श्रीमती मोदी का चयन



**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. मंदसौर में शिक्षक दिवस 5 सितम्बर 2024 के उपलक्ष्य में नवीन शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में प्रौद्योगिकी का उपयोग एवं आनंदमय शिक्षण विषय पर मंदसौर विकासखण्ड के समस्त विद्यालयों के शिक्षकों हेतु आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी में शिक्षक वर्ग में शासकीय उ.मा.वि. रठाना के उ.मा. शिक्षक श्री जयेश नागर एवं शिक्षिका वर्ग में श्रीमती ममता मोदी उ.मा.शि. शासकीय उ.मा.वि. मंदसौर का चयन किया गया। दोनों को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। श्री नागर एवं श्रीमती मोदी दिनांक 24 अगस्त शनिवार को प्रारंभिक शिक्षा हेतु पूर्व प्राथमिक विद्यालयों की आवश्यकता तथा योगदान विषय पर मंदसौर जिला स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे। विकासखण्ड मंदसौर स्तरीय प्रतियोगिता में श्रीमती पूजा शर्मा, शा. हाईस्कूल आकोदड़ा, डॉ. विनिता पांडे उपाध्याय, शा. हाईस्कूल रिण्डा, श्री कैलाश शर्मा, प्रा.वि. पालिया मुजावर, महेश भीरमा, ईपीएस पाडलिया लालमुहां, जयेश नागर, ममता मोदी ने श्रीमती सिद्धश्री चौबे ने सहभागिता की। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मंदसौर श्री आनंद डाबर, सीएम राईस गुर्जर बर्डिया के प्राचार्य श्री राजेश मिश्रा, श्रीमती सुनीता गोधा प्राचार्य शा. हाईस्कूल खजूरिया सारंग ने किया। स्वागत भाषण उत्कृष्ट उ.मा.वि.मंदसौर के प्राचार्य श्री बाबूलाल जोशी ने दिया। सरस्वती वंदना नवीन गंधर्व एवं अर्पिता बारोट ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष बंसल ने किया एवं आभार ज्योति गोस्वामी ने माना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री दीपक वाधना ने सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता के निर्णायक श्री डाबर, श्रीमती गोधा, श्री मसराम का सभी ने आभार माना।

## नि:शुल्क आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर कल

**पिपलियामंडी, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 23 अगस्त, शुक्रवार को सुबह 11बजे से सायं 5 बजे तक पुराने शासकीय अस्पताल के सामने आर्य समाज मंदिर पिपलियामंडी में आयुर्वेद व एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वैद्य ओमप्रकाश देवासी एवं थैरेपिस्ट अर्जुन कटारिया एम.डी. (एक्यू.) द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएगी। इस शिविर में जर्मन टेक्नोलॉजी बॉडी एनालाइजर मशीन द्वारा पूरे शरीर की जांच करके बीमारियों का पता लगाकर देशी दवाइयों व एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से कब्ज, गैस, खांसी, पित, सफेद पानी, खून की कमी, अस्थमा, बीपी, शुगर, नसों में ब्लॉकेज, माइग्रेन, थायराईड, शुक्राणु की कमी, पीलिया, कोलेस्ट्रोल, हृदय रोग, स्वपन दोष, हाइट न बढ़ना, चर्म रोग, वजन का घटना व बढ़ाना आदि सभी बीमारियों का सफल इलाज किया जाएगा। शिविर में निसंतान दंपति भी सम्पर्क कर सकते है। पिपलिया मंडी एवं आसपास के क्षेत्रवासियों से 23 अगस्त को आयोजित इस नि:शुल्क आयुर्वेद एवं एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई है। शिविर के संबंध में अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिये मो.8003708162 पर सम्पर्क कर सकते है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री गांधी की जयंती



**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जन्म जयंती दिनांक 20 अगस्त 2024 मंगलवार मंदसौर विधानसभा के ग्राम रेवास देवड़ा में मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन जैन उपस्थित थे मुख्य वक्ता राजेश तिवारी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं अभिभाषक कांतिलाल राठौर, मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य विकास दशोरा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विपिन जैन ने कहा की राजीव गांधी जी ने देश को नई दिशा देने के लिए संचार क्रांति की शुरूआत की। गांधी विचारक राजेश तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी जी के प्रधानमंत्री काल में देश स्वर्णिम शिखर पर था। उन्होंने देश को उन्नति की एक नई दिशा दिखलाई। कांतिलाल राठौर ने कहा कि देश राजीव जी के कामों को सदैव याद रखेगा। संचालन विकास दशोरा ने किया एवं आभार राकेश कुमावत ने माना। इस अवसर पर मंडलम अध्यक्ष राजेंद्र कुमावत, सेक्टर अध्यक्षगण भारत साहू , गेंदालाल धनगर ,जिला कांग्रेस कमेटी सदस्य दीनदयाल शर्मा, छगनलाल साहू, राजकुमार मरमट, मूलचंद प्रजापत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदस्य बाबूलाल जाट ,जुगल राठौर ,राकेश कुमावत ,शैलेश माली, हरीश माली , मनोज कुमावत, श्यामसुंदर कुमावत, अशोक खटोड, गणेशाराम साहू ,नानूराम , नगर अध्यक्षगण मुन्नालाल हरवा, गगन माली , ओमप्रकाश माली, नितिन शर्मा, ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष कमल कुमावत एवं साथीगण शुभम कुमावत, अंकित कुमावत ,जतिन, विशाल ,कपिल ,विश्वास ,विजय, अजय, शिवम, आदित्य ,रोहित ,सचिन एवं अनेक कांग्रेस कार्यकर्तागण एवं छोटे बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## लव-कुश जयंती पर कुशवाह समाज ने निकाली शोभायात्रा



**मनासा, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** तहसील मुख्यालय से 06 किलोमीटर दूर स्थित गांव हांसपुर में कुशवाह समाज ने अपने आराध्य देव लव-कुश जयंती बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई। राधा कृष्ण कुशवाह समाज मंदिर पर विगत सात दिवस से पंडित रमेश पुरोहित डांगडी वाले के मुखारविंद से श्रीमद भागवत कथा का पूरे गांववासियों ने अमृतपान किया। रक्षाबंधन के दिन कथा का समापन हुआ और मंत्रोंउचार के साथ हवन किया गया। मंगलवार को भगवान लव-कुश की शोभायात्रा ढोल-ताशो के साथ दोपहर करीब 12 बजे से प्रारंभ हुई। गांव के प्रमुख चौराहों से होते हुए देर शाम करीब 04 बजे राधा कृष्ण कुशवाह समाज मंदिर पर पहुंची। जहां भगवान लव-कुश की महा आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। झांकी में विराजमान लव-कुश भगवान की जगह-जगह पूजा अर्चना की गई व फूलो की वर्षा कर स्वागत किया गया।यात्रा में घोडे की लगाम थामे लव-कुश बने बचो का ग्रामवासियों द्वारा माला पहना कर पूजा की गई। शोभायात्रा में ढोल और डीजे की भक्ति मय धुन पर महिलाएं एवं पुरुष झूम कर नाचे। कुशवाह समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि कुशवाहो का संबंध श्री राम के ज्येष्ठपुत्र कुश से है हमे कुश के वंशज होने पर गर्व है उन्होंने कहा कि लव कुश अन्याय के विरुद्ध न्याय की रक्षा, सुरक्षा और समृद्धि के लिए भगवान श्री राम से युद्ध करने के लिए तैयार हो गए थे। कुशवाह समाज भी हमेशा से कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करता रहा है। समाज का चहुमुंखी विकास संगठन का एकमात्र उद्देश है हम सभी को स्वस्थ, शिक्षित व संगठित समाज निर्माण करने का संकल्प लेने को आवश्यकता है। तो वही समाज के युवा साथी अर्जुन कुशवाह ने बताया कि लव और कुश की जोडी को पुरातन काल में कोई नहीं तोड पाया तो आज कोई कैसे तोड सकता है। हमे और सचेत और संगठित होने की आवश्यकता है तभी हम राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक रूप से मजबूत हो पाएंगे। इस अवसर पर संजू कुशवाह, मनीष कुशवाह, उपेन्द्र कुशवाह, राहुल कुशवाह, निलेश कुशवाह, तेजकरण कुशवाह आदि युवा साथी एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।



## धार्मिक जल कलश पदयात्रा का स्वागत

**पिपलियामंडी, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग से मालासेरी डुंगली के लिए निकली 11 दिवसीय पदयात्रा का पिपलिया पहुंचने पर स्वागत् हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ कचरुलाल चडावत, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धर्मेन्द्र धनगर, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि रघुनंदन धनगर, कालूराम धनगर, अशोक धनगर, लालाराम धनगर, दीपक परिहार, अनिल जांगीड आदि ने स्वागत् किया। ऑल इंडिया धनगर युवा महासंघ जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र धनगर ने बताया यह धार्मिक जल कलश पदयात्रा उज्जैन के रामघाट पर मां क्षिप्रा का जल व माता साहू की बावडी का जल लेकर मालासेरी डुंगली पहुंचेगी, जहां विराजित विष्णु अवतार भगवान श्री देवनारायण का जलाभिषेक जन्माष्टमी पर किया जाएगा।

## उधारी के रुपए मांगे तो पीटा, 4 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** उधारी के रुपए मांगे तो पीटा, पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। लूनाहेडा निवासी अनमोल पिता जीवन बैरागी ने पिपलिया पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि गायत्री स्टोन के निकट चाय की दुकान है, 15 दिन पूर्व गुड़भेली बडी निवासी रोहित पिता जेतराम धनगर उधारी में चाय व सिगरेट पी गया। बाद में मैंने उधारी के रुपए मांगेतो उसने अपने साथी लूनाहेडा निवासी संतोष मालवीय सहित तीन युवकों के साथ मिलकर गाली-गलौज की व लात-घुसों से पीटा व सिर पर पत्थर से मारी, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

****** सफलता की कहानी ******

## खेत तालाब निर्माण से हेमराज अब कर रहे खेतों में पर्याप्त सिंचाई



**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम सेमरोल में वर्ष 2020-21 में खेत तालाब निर्माण का कार्य चालू किया गया था। खेत तालाब निर्माण का कार्य चालू करने का कारण पर्याप्त जल न होना। जिस कारण कुए में पर्याप्त पानी नहीं होना था। जिसके कारण वह अपनी रबी की फसल का उत्पादन अधिक नहीं कर पाते थे। मनरेगा के माध्यम श्री हेमराज प्यारा जी भाट द्वारा 3 लाख 33 हजार खर्च करके अपने खेत पर खेत तालाब निर्माण का कार्य चालू किया गया। खेत तालाब निर्माण का कार्य श्रमिक लगाकर किया गया। खेत तालाब निर्माण के पश्चात अब तालाब में 3 हजार 600 घन मीटर जल भंडारण हो सकता है। खेत तालाब योजना से अपने खेत पर तालाब निर्माण कराया जिससे जल स्तर में वृद्धि हुई है। खेत तालाब निर्माण के संबंध में हितग्राही श्री हेमराज द्वारा खेत तालाब के लाभ के बारे बताया गया कि उनके कुएं में पर्याप्त पानी नहीं होता था। जिसके कारण वह अपनी रबी फसल का उत्पादन अधिक नहीं ले पाते थे। उनके द्वारा जब से मनरेगा की खेत तालाब योजना से अपने खेत पर खेत तालाब का निर्माण कराया गया। जिससे पर्याप्त सिंचाई कर उत्पादन में वृद्धि कर सकेंगे। हितग्राही द्वारा स्वयं के व्यय से पौलिथीन की व्यवस्था कर खेत तालाब को पौली टेंक के रूप में निर्मित किया गया। हेमराज का कहना है कि खेत तालाब निर्माण से उन्हे अब रबी फसल का उत्पादन भी अच्छा होगा। इस तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को सहारा मिलता है। खेत तालाब निर्माण से अपने खेत पर तालाब निर्माण करा कर हेमराज अत्यंत खुश है एवं सरकार को धन्यवाद देते है।


दिनांक 22 अगस्त 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**भावकारक और नाशक..**



यदि किसी जातक कि जन्मकुंडली में बृहस्पति ग्रह उच्च राशि ,स्वराशि, या मूल त्रिकोण राशि का होकर त्रिकोण भाव में स्थित हो तथा दशम /चतुर्थ/एकादश/द्वितीय भाव भाव से संबंध रखता हो तो निश्चय ही उस जातक कि कुंडली में शिक्षा के क्षेत्र में उच्च पद प्राप्ति के विशेष योग होते हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर

7024667840,8085381720


# सौर एवं पवन ऊर्जा में कॅरियर के अवसर एवं संवाद विषय पर व्याख्यान सम्पन्न



**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने जानकारी दी कि अक्षय ऊर्जा दिवस के उपलक्ष्य में दिनाक 21.08.2024 को सौर एवं पवन ऊर्जा में कॅरियर के अवसर एवं संवाद विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री महेश हनुमंत, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला अक्षय ऊर्जा कार्यालय, मंदसौर थे जिन्होने सौर एवं पवन ऊर्जा के बारे में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दी और बताया कि आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा एक बुनियादी जरूरत है। ऊर्जा की खपत में वृद्धि के परिणामस्वरूप कोयला, तेल, गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों पर देश की निर्भरता बढ़ी है परन्तु इन सीमित साधनों के कारण वैकल्पिक साधनो जैसे पवन ऊर्जा, बायोगैस ऊर्जा ,बायोमास ऊर्जा, एवं सौर ऊर्जा आदि का उपयोग अनिवार्य हो गया है। इन वैकल्पिक साधनों में सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा का अत्यधिक स्थान है। उन्होने अक्षय ऊर्जा स्त्रोंतों से विद्युत उत्पादन संबंधी योजनाओं यथा पवन ऊर्जा से विद्युत उत्पादन, बायोमास से विद्युत उत्पादन, सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन के बारे में विस्तार से बताया। म.प्र. मे अक्षय ऊर्जा स्त्रोंतों से विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ग्रिड आधारित योजनाओं में पवन ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन योजना में व्यापक निवेश हेतु म.प्र.शासन द्वारा इनकी पृथक-पृथक आकर्षक ऊर्जा नीतियों के बारे में बताया।साथ ही मंदसौर जिले में अक्षय ऊर्जा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा से 402 मेगावाट, बायोमास से 83 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया गया एवं संपूर्ण मध्यप्रदेश में 9000 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया गया। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तीनों घटकों की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। आपने बताया कि रोजगार के लिए आवश्यक नहीं कि आपने इंजिनियरिंग की हो या कोई टेक्निकल डिप्लोमा कोर्स किया हो यह जरूरी नहीं है आप नानटेक्निकल पढ़ाई करके भी इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते है। छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों के जवाब दिये एवं उनसे संवाद किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन एवं विषय प्रवर्तन करते हुए आपने कहा कि ऊर्जा के महत्व के बारे में बताया एवं ऊर्जा का उपयोग और संरक्षण को लेकर देश के प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना चाहिए। प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में छात्राओं को ऊर्जा सरंक्षण व बचत को लेकर छोटी-छोटी टिप्स से भी अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डा.अनुराग आर्य एवं आभार डा.अखलाक मन्सूरी, संयोजक ऊर्जा नोडल अधिकारी ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्रायें उपस्थित रही।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 9 | 2525 | 2577 |
| उडद | 0000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 2151 | 3500 | 4370 |
| गैहु | 2086 | 2600 | 3241 |
| चना | 34 | 5799 | 7218 |
| मसुर | 33 | 5361 | 6151 |
| धनिया | 108 | 4701 | 6300 |
| लहसुन | 10500 | 10000 | 26000 |
| मैथी | 190 | 4800 | 5633 |
| अलसी | 580 | 5490 | 5936 |
| सरसो | 95 | 5000 | 5312 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 23 | 10000 | 11750 |
| प्याज | 594 | 1200 | 3652 |
| कलोंजी | 6 | 16300 | 18945 |
| डॉलर | 8 | 8601 | 11853 |
| तिल्ली | 86 | 10820 | 12160 |
| मटरसुखी | 3 | 6600 | 6600 |
| असालीया | 11 | 6000 | 6000 |

## अवैध गैस रिफलिंग एवं पेट्रोल के स्टॉक में अंतर पर खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

**नीमच, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार बुधवार को जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरएन दिवाकर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री विजय निनामा एवं श्री जितेन्द्र नागर की टीम द्वारा पेट्रोल एवं गैस के व्यावसायिक उपयोग एवं मिलावट पर कार्यवाही की गई। खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा नीमच स्थित मेसर्स स्टार ट्रेवल्स नीमच व्दारा गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार पाये जाने पर एक घरेलू गैस सिलेण्डर एवं एक गैस रिफलिंग पम्प, जप्त किया गया। पेट्रोल में पानी की शिकायत की जांच मेसर्स श्री निवास सावन वाला एण्ड सन्स कंपनी के भाटखेड़ा स्थित पेट्रोल पम्प की जांच में पानी की मिलावट पाये जाने पर एवं पेट्रोल के स्टॉक में अंतर होने पर 3223 लीटर पेट्रोल जप्त किया जाकर, पम्प को सील कर, विक्रय रोका गया। संबंधितों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री दिवाकर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारियों, होटल, हलवाई, संस्थानों, पेट्रोल पम्प पर अवैध रूप से गैस रिफलिंग एवं घरेलू गैस सिलेण्ड रों का उपयोग तथा मिलावटी कार्य करने वालों पर सतत निगरानी रखी जाकर संबंधितों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियिम के तहत कडी कार्यवाही की जावेगी।

# ऑनलाईन गेमिंग एप में बर्बाद हो रहा युवा

**[ शुरुआत में जीताते एप, इसके बाद हो जाता अकाउंट खाली ]**

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** हाल ही में एमटीएफई में मंदसौर नीमच सहित अन्य कई जगहों पर लोगों के करोड़ों रुपए डूब गए। लेकिन यहां ऑनलाईन गेमिंग की भी बात की जाए। इस लत का शिकार हो रहे हैं विशेषकर युवा। सोशल मीडिया पर आ रहे विज्ञापनों के जरिए लोग ऑनलाइन गेमिंग के जाल में फंस रहे हैं। ये यूजर्स को न सिर्फ गेमिंग की लत लगा रहे हैं। बल्कि कुछ पॉइंट्स या रकम जिताने के बाद आपके अकाउंट की डिटेल ले लेते हैं। इसके बाद शुरू होता है- एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का असली खेल।आपके अकाउंट में कितने पैसे हैं, गेम खेलने की कितनी क्षमता है और वे कितना पैसा हार सकती हैं, इसका एल्गोरिदम एआई से तैयार कर लिया जाता है। यही वजह है कि लत लगाने के लिए यूजर को शुरुआत में पॉइंट्स दिए जाते हैं और जिताया जाता है। लेकिन इसके बाद हारते-हारते वे जीवनभर की कमाई तक गंवा रहे हैं।

**पहले जीतता, फिर हारता–** ऑनलाइन गेम को एआई के जरिए इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि पहले व्यक्ति जीतता है। धीरे-धीरे लत लगती है। आप गेम में कितनी राशि लगा सकते हैं, इसके लिए एल्गोरिदम तैयार हो जाता है और अकाउंट खाली होने तक हराया जाता है।ऐसें सैकडों एप हैं, जिसके जरिए बच्चों ने ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान माता-पिता के खातों से गेमिंग टूल्स ऑनलाइन खरीदने के लिए अकाउंट नंबर मर्ज करने के लिए कहा जाता है। इन ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर सट्टेबाजी या जुआ शामिल है लेकिन ये अपने प्रोडक्ट को कौशल वाले खेल कैटेगरी में बताते हैं।

**गूगल प्लेट स्टोर से नहीं होते डान लोड–**गेमिंग एप में यूपीआई से आने वाले सभी पेमेंट निकालने के बाद उस आईडी और एप के यूजर को ब्लाक कर दिया जाता है ताकि ट्रैकिंग न हो सके। इंटरनेट बैंकिंग या यूपीआई के जरिए ट्रांजेक्शन करने के लिए कहते हैं। इस तरह के अधिकांश एप गूगल प्ले स्टोर में मौजूद नहीं होते हैं। इन्हें एपीके (एंड्राइड पैकेज किट) के जरिए डाउनलोड करवाया जाता है। इन गेम में रुपए के लेनदेन की जानकारी मोबाइल के मैसेज इनबॉक्स से नहीं मिल पाती।

**तमिलनाडु में प्रतिबंध, सजा का प्रावधान–**तमिलनाडु में ऑनलाइन गेम खेलने पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो पैसे या अन्य दांव के साथ ऑनलाइन गेम में शामिल होता है उसे जेल तीन माह की जेल हो सकती है। वहीं 5000 रुपए जुर्माने का भी प्रावधान है। ऑनलाइन गेम के लिए प्रेरित करने वालों को एक साल की कैद या 5 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान किया गया है।



## गांधी चौराहा पर भूख हड़ताल पर बैठा किसान

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा के किशोरपुरा का किसान नरेंद्रसिंह बुधवार को गांधी चौराहे पर वह भूख हड़ताल पर बैठ गया। किसान ने ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। सूचना मिलने के बाद तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने किस से बात की साथ ही जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान ने भूख हड़ताल खत्म की।

## कालाखेत अतिक्रमण की समस्या को लेकर कलेक्टर से की मुलाकात-विधायक जैन

**शिवना शुद्धिकरण परियोजना की समीक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, जिला अस्पताल के सुचारू संचालन, शहर की स्वच्छता जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की**



**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर के कालाखेत शॉपिंग कांपलेक्स और मैदान पर साठिया समुदाय द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने को लेकर विधायक विपिन जैन द्वारा नवागत कलेक्टर अदिति गर्ग से मुलाकात की गई जैन ने मंदसौर स्थित कालाखेत शॉपिंग कांप्लेक्स और आसपास के स्थानो पर वर्षो र्से कब्जा जमाए साठिया समुदाय के लोगों से शासकीय संपत्ति को मुक्त कराने हेतु विस्तृत चर्चा की है वर्तमान में साठीया समाज द्वारा 23 से अधिक दुकानों पर कब्जा किया गया है और इन दुकानों की वर्तमान अनुमानित मूल्य 7 करोड रुपए के आसपास है अवैध कब्जे के कारण आसपास के रहवासी और व्यापारी गण काफी परेशान है कब्जे के कारण क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है और क्षेत्र में होने वाले कई विकास कार्य अवैध कब्जे के कारण रुके हुए हैं जैन द्वारा मांग की गई है कि इन्हें शासन की योजना अंतर्गत आवासीय पट्टा एवं प्रधानमंत्री आवास दिए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कर इन्हें पुनर्स्थापित किये जाने का अनुरोध किया है कलेक्टर अदिति गर्ग द्वारा आश्वस्त किया गया है कि शीघ्र ही संबंध में न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी

चर्चा के दौरान शिवाना शुद्धिकरण परियोजना की समीक्षा किए जाने, पशुपतिनाथ लोक योजना की कार्य में तीव्रता लाये जाने, शहर की स्वच्छता हेतु लगातार मॉनिटरिंग करने, मंदसौर ट्रैफिक व्यवस्था का सुचारू संचालन और जिला चिकित्सालय मंदसौर में आवश्यक व्यवस्थाओ के लिए विस्तृत चर्चा की गई है कलेक्टर अदिति गर्ग द्वारा कहा गया है कि शीघ्र ही आगामी दोनों में आवश्यक बैठक कर सभी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए जाएंगे।



## स्काउट गाइड फैलोशिप ने किया पौधरोपण

**भानपुरा, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारत स्काउट गाइड के अंतर्गत संचालित इंडियन स्काउट गाइड फेलोशिप जिसके अंतर्गत सेवानिवृत्ति स्काउटर गाइडर सेवानिवृत्त न्यायाधीश, डॉक्टर सहित एडवोकेट, समाज सेवियो द्वारा स्काउट गाइड फैलोशिप मंदसौर जिले का गठन किया गया एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एसजीएफ ने वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया एवं वृक्षों का संरक्षण और उनकी सुरक्षा का वचन दिया। कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड जिला मुख्य आयुक्त अंशुल बैरागी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रतलाम मंदसौर नीमच प्रभारी श्रीमती दीपिका बैरागी, जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र डाबी, स्काउट गाइड जिला उपाध्यक्ष श्री डांगी, इंडियन स्काउट गाइड फेलोशिप अध्यक्ष एनडी वैष्णव, कोषाध्यक्ष हरीश नामदेव, सचिव सलमा शाह, स्काउट गाइड फैलोशिप सदस्य पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी भानपुरा ओपी पुरोहित, सीतामऊविकासखंड स्काउट प्रभारी नरेंद्र द्विवेदी ,सुरेश भावसार, राजेश पंड्या स्काउट प्रभारी गरोठ आदि उपस्थित थे।

## मानव अधिकार आयोग से मिलते जुलते नाम अथवा लोगो का कोई भी उपयोग नही करें-एसपी

**नीमच, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने बताया कि मानव अधिकार



आयोग से मिलते जुलते नाम अथवा लोगो का उपयोग करना अपराध है। कोई भी व्यंक्ति मानव अधिकार आयोग से मिलते जुलते नाम या लोगो का उपयोग नहीं करें। एसपी श्री जायसवाल ने बताया कि विभिन्न तरह के मानव अधिकार के नाम से एसोसिएशन, संगठन, संस्थान चलाये जा रहे है, जो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग व राज्य मानव अधिकार आयोगो से संबंधित नहीं है और न ही उन्हें कोई अधिकार प्राप्त है। अत: इस संबंध में अवगत कराया गया है, कि भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट (मानव अधिकार संस्थान) आयोग से सम्बंध या अधिकृत नहीं और न ही यह संस्था शासकीय संस्था है। पुलिस अधीक्षक नीमच श्री जायसवाल ने कहा कि मानव अधिकार आयोग के नाम व लोगो से मिलते जुलते नाम या लोगो का उपयोग कर, भ्रमित करने वाले व्यक्तियों से आमजन सतर्क एवं सावधान रहे। यदि कोई ऐसा करता पाया जाता है, तो उसकी सूचना पुलिस को अवश्य प्रदान करें।

## एमपी के तीन कॉलेजों में बढ़ सकती हैं एमबीबीएस की 150 सीटें, 2425 सीटों के लिए काउंसलिंग शुरू

**भोपाल, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सिवनी, नीमच और मंदसौर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में मंगलवार को अपील की है। इसके पहले चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में प्रथम अपील की थी, पर एनएमसी ने सीट बढ़ाने से मना कर दिया तो दूसरी अपील राज्य सरकार की ओर से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में की गई, जिस पर इसी माह सुनवाई होगी।

**राज्य सरकार ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में की अपील–**तीनों कालेजों में 50-50 सीटें बढ़ाने की अनुमति मांगी गई है। इन कॉलेजों में एनएमसी ने इसी सत्र से एमबीबीएस की 50-50 सीटों पर प्रवेश की अनुमति दी है, जबकि संचालनालय ने 100-100 सीटों की अनुमति मांगी थी। मुख्य कमी फैकल्टी की थी, जिसे बहुत हद तक पूरा कर लिया गया है। इसी आधार पर सीटें बढ़ाने के लिए दूसरी अपील की गई है।

**2425 सीटों के लिए काउंसलिंग–** प्रदेश में अभी 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं, जिनकी 2425 सीटों के लिए काउंसलिंग प्रारंभ हो गई है। इन सीटों में प्रवेश के लिए पहले चरण का सीट आवंटन 29 अगस्त को होगा। इसके पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सीटों में बढ़ोतरी कर सकता है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अगले सत्र से इन कॉलेजों में एमबीबीएस की 150-150 सीटें करने के प्रयास में है।

**तीन नए मेडिकल कॉलेज–**साथ ही बुधनी, श्योपुर और सिंगरौली में तैयार हो रहे कॉलेजों में एमबीबीएस में प्रवेश शुरू करने की तैयारी है। भारत सरकार ने वर्ष 2018 में सिवनी, नीमच और मंदसौर के साथ राजगढ़, सिंगरौली और श्योपुर में भी कालेज खोलने की स्वीकृति दी थी, पर भवन निर्माण में देरी के चलते यह कॉलेज अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाए हैं।

## न्यायपति तोप वाले बालाजी उद्यान में पौधारोपण किया

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को नगर पालिका परिषद के द्वारा वार्ड क्रमांक 23 में न्यायपति तोप वाले बालाजी मंदिर के समीप स्थित उद्यान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया नगर पालिका उद्यान शाखा एवं गरीबी उन्मूलन समिति सभापति श्री रमेश ग्वाला, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा राजेश सोनी एरावाला ने नगर पालिका के पार्षदगणों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ पौधरोपण किया, इस अवसर पर स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला मकवाना ,पार्षद कमलेश सिसोदिया, सभापति प्रतिनिधि अमन फरक्या, युवा नेता राजेश गुर्जर, पूर्व पार्षद बंशीलाल चुडेलिया, भाजपा नेता सुरेश देवड़ा, राजेश सोनी, एरावाला, हेमंत सोलंकी प्रेम कहार, विजय गेहलोद, धर्मेंद्र धनगर, पिंकेश कुमावत, महिला नेत्री मालती गेहलोत, रेखा चंदेल, शानू बैरागी, नपा उद्यान शाखा लिपिक राजेंद्र नीमा ने भी पौधरोपण किया

## आंगनवाड़ी में दर्ज सभी बच्चों एवं महिलाओं को नियमित रूप से पोषण आहार का वितरण किया जाए-चंद्रा

**कलेक्टर ने की महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा**

**नीमच, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले की आंगनवाडी में दर्ज सभी बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार का वितरण सुनिश्चित किया जाए। सभी दर्ज महिलाओं को प्रत्येक मंगलवार को अर्थात माह के सभी मंगलवार को टेक होम राशन प्रदान किया जाए। कोई भी बच्चा एवं महिलाएं पोषण आहार के लाभ से वंचित ना रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी सेक्टर पर्यवेक्षक, अपने विभागीय पेरामिटर्स पर कार्य कर प्रगति बढाये, संबंधित सीडीपीओ अपने विभागीय पैरामीटर्स की प्रगति की सेक्ट्रवर मॉनिटरिंग करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारियों और सेक्टर सुपरवाईजर्स की बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने लाड्ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना केतहत पंजीयन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सभी सेक्टर सुपरवाईजर इन योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें और एक सप्ताह में पंजीयन कार्य पूर्ण करवाए। उन्होने कहा कि यदि ऑनलाईन पोर्टल पर कोई तकनिकी समस्या हो, तो वरिष्ठकार्यालय की तकनीकी टीम से चर्चा कर समाधान करवाएं। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत पंजीकृत बच्चों की नामजद सूची पर्यवेक्षक के पास रहे और वह नियमित रूप से इन बच्चों के टीकाकरण का फालोअप करें। उन्होने कहा कि आंगनवाडी केंद्रों में दर्ज सभी बच्चो का नियमित रूप से समय-समय पर टीकाकरण करवाएं। बच्चोंर एवं गर्भवती महिलाओं का सम्पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करवाएं। बैठक में कलेक्टर ने मुख्योमंत्री कोविड बाल सेवा योजना, पीएम चिल्ड्रन केयर योजना, मुख्यमंत्री बाल आर्शिवाद योजना, की प्रगति की भी



समीक्षा की।

**नवीन एनआरसी के प्रस्ताव तैयार करें:–** बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिले में संचालित पोषण पुर्नवास केंद्रों में भर्ती बच्चों की संख्या एवं रिक्त सीटों की संख्या आदि की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सेम श्रेणी के सभी बच्चों को बारी-बारी से पोषण पुर्नवास केद्रों में भर्ती करवाकर उनको सेम से मेम श्रेणी में लाने का विशेष प्रयास करें। इस कार्य में स्थानीय सरपंच, जनप्रतिनिधियों और पंचायत सचिव व अन्य ग्रामीण कर्मचारियों का सहयोग भी लिया जावे। कलेक्टर श्री चंद्रा ने सिंगोली, मनासा, एवं रामपुरा में नवीन पोषण पुर्नवास केंद्र प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर, उचित माध्यम से शासन को भिजवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिले के सेम श्रेणी के सभी बच्चों की प्रोफाईल बनाकर उनकी श्रेणी में सुधार लाने के प्रयास करने के निर्देश भी दिए।

**शेष सभी बच्चों के आधार बनवाएं:–** कलेक्टर श्री चंद्रा ने बैठक में आंगनवाडी में दर्ज सभी बच्चों के आधार कार्ड बनाने के कार्य की जानकारी ली। बताया गया कि आंगनवाडियों में दर्ज कुल 64 हजार बच्चों में से 51 हजार बच्चों के आधार कार्ड बनाए जा चुके है। लगभग 13 हजार बच्चों के आधार पंजीयन शेष है। कलेक्टर ने शेष सभी बच्चों के आधार पंजीयन का कार्य भी अभियान चलाकर पूरा करने के निर्देश दिए।

**सक्षम आंगनवाडी के प्रस्तााव भेजे:–** बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए कि जिले की आंगनवाडी केंद्रो का पुन: सर्वे करवाकर, अधिकाधिक आंगनवाडी केद्रों को सक्षम आंगनवाडी केंद्र बनान के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए। कलेक्टर ने वरिष्ठी कार्यालय से संवाद कर पोषण ट्रेकर एप्प का हिंदी में संचालन करने की व्यवस्था करवाने के निर्देश भी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिए। जिससे कि आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को हिंदी में पोषण ट्रेकर एप्प पर कार्य करने में सुविधा हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, महिला एवं बाल विकास के सभी परियोजना अधिकारी एवं सभी सेक्टर सुपरवाईजर्स उपस्थित थे।

## कक्षा 9वी में स्टैंडर्ड गणित विषय लेने वाले विद्यार्थी को ही कक्षा 11वीं में उच्च गणित संकाय में प्रवेश की पात्रता होगी

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय उ मा विद्यालय रठाना में सहायक संचालक / जिला शिक्षा अधिकारी मन्दसौर टेरेसा मिंज द्वारा औचक निरीक्षण किया। आपने बच्चों को नियमित उपस्थित रहने, सतत अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया। आपने बताया कि इस वर्ष सत्र 2024-25 से कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों को बेसिक और स्टैंडर्ड गणित में से किसी एक का चयन करना है साथ ही आपने बताया कि कक्षा 9वी में स्टैंडर्ड गणित विषय लेने वाले विद्यार्थी को ही कक्षा 11वीं में उच्च गणित संकाय में प्रवेश की पात्रता होगी। अत: चयन सावधानीपूर्वक करने को कहा।

इसी प्रकार से इस वर्ष से कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में बेस्ट सिक्स पद्धति लागू होगी अर्थात सभी छह विषयों में उत्तीर्ण होना होगा। आपने विद्यालय का शैक्षणिक रेकार्ड देखा यह पाया कि निरीक्षण दिनांक तक निर्धारित इकाई तक अध्यापन कार्य, उमंग व वेलनेस की संचालन, टेबलेट का उपयोग, मासिक टेस्ट, पाठ्यतर गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता, सतत व व्यापक मूल्यांकन गतिविधियों का संचालन सुव्यवस्थित पाया। निरीक्षण के समय उ. मा. वि. रठाना के प्राचार्य अशोक पाटीदार, कन्हैयालाल चौहान, रामचन्द्र पाटीदार, विष्णु कुमार सोनी, मजीबुद्दिन नियारगर, जयेश नागर, बालाराम शर्मा, कमलेश चरेड, कैलाशचन्द्र व्यास, मोहित शर्मा आदि शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**मौसम : अगले दो दिन बारिश का अनुमान...**

## बादल छाए रहे, बारिश का इंतजार, उमस बरकरार

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को मंदसौर के आसपास कई जगहों पर बारिश हुई। लेकिन, मंदसौर में बारिश का इंतजार अधूरा रहा। सुबह से ही बादल जरुर छाए रहे, लेकिन गर्मी और उमस से लोग परेशान नजर आए। बुधवार सुबह आठ बजे तक बीते 24 घंटों में मंदसौर जिले में 7.5 एमएम औसत बारिश हुई। जिले में बुधवार सुबह तक औसत 22.16 इंच बारिश दर्ज की गई है। गांधी सागर बांध का जलस्तर 1300.21 फीट पहुंच गया है। गुरुवार को भी कई स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बरसात का अनुमान है। जिले में अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री के आसपास बना हुआ है। वहीं अब तक जिले की औसत बारिश 21.16 इंच बारिश दर्ज की गई है। मौसम जानकारों के अनुसार लो प्रेशर एरिया के स्ट्रॉन्ग होने से 23-24 अगस्त को पूरे एमपी में बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक प्रकाश दामले ने बताया, वर्तमान में बंगाल की खाड़ी की तरफ लो प्रेशर एरिया एक्टिव है। यह अगले 2 से 3 दिन में आगे बढ़ेगा। इसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिलेगा। प्रदेश के आधे जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। वर्तमान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस, मानसून ट्रफ और 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम का असर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। बुधवार को भी इसी सिस्टम की वजह से बारिश होगी। 22 अगस्त को हल्की बारिश का दौर रहेगा।


**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 24 अगस्त को शाम 5 से रात 8 और रविवार 25 अगस्त को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड, मंदसौर सम्पर्क-9424813088




## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में प्रकृति वंदन कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, संजीत मार्ग, मंदसौर में बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रकृति वंदन के तहत वृक्ष, धरती माता, कुआँ व गौ माता की पूजा कर प्रकृति की रक्षा करने का प्रण लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निशा महाराणा ने प्रकृति के महत्व को समझाते हुए कहा कि हमारे पूर्वज प्रकृति पूजक रहें हैं क्योंकि उन्हें इस बात की जानकारी थी कि प्रकृति के सभी घटकों में संतुलन रहेगा तभी हमें स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण मिलेगा और हमारा अस्तित्व सुरक्षित रहेगा। विवेकशील प्राणी होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम अपने जीवन शैली में परिवर्तन कर प्रकृति मित्र बनें ताकि प्रकृति का संरक्षण करते हुए खुद भी स्वस्थ रहें और आनेवाली पीढ़ी को भी विरासत के रूप में स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण सौंप कर जाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जुआ खेलते 2 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जुआ खेलते हुए दो आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने कंथारिया रोड श्मशान घाट के पास ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए मल्हारगढ़ निवासी इमरान पिता जहागीर व हर्कियाखाल निवासी बालू उर्फ बालकिशन को पकड़ा। आरोपियों को कब्जे से नकदी बरामद कर जुआ एक्ट में केस दर्ज किया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं डॉ. दिनेश जोशी के बजाय आज दिनांक 21.08.2024 से मेरे नए नाम दिनेश कुमार पिता नारायणलाल जोशी के नाम से जाना जाए।

✻✻✻ भवदीय ✻✻✻

दिनेश कुमार जोशी

पिता नारायणलाल जोशी


## वात्सल्य स्कूल में मनाया जाएगा मल्हार उत्सव

**मंदसौर, 21 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** हर वर्ष की तरह इस बार भी वातसलय पब्लिक स्कूल में मल्हार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के ख्यातनाम और देश के कई बड़े कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुती दे चुके कलाकार शामिल होगे। 27 अगस्त को आयोजित होने वाले मल्हार उत्सव में मंदसौर के अलावा उज्जैन और इंदौर सहित अन्य जगहों के दस कलाकार शामिल होगे। शास्त्री संगीत, शास्त्री नृत्य, वाद्य यंत्र, कत्थक और शास्त्रीय गायन में एक मुकाम हासिल कर चुके कलाकारों को वात्सल्य पब्लिक स्कूल ने इस बार आमंत्रित किया है।

**मनमर्जी की फीस, बेलगाम...** पेज 1 से जारी

जा सकता है। कोचिंग सेंटरों के बाहर बाईकों की भरमार होने लगी है। यहां यह बता दें कि कोचिंग सेंटरों पर अधिकांश नाबालिग बच्चे ही पढ़ने आते है। इसके बाद भी कोचिंग सेंटर संचालक केवल पढ़ाई पर ध्यान देने की फिराक में है, बच्चों की सुरक्षा से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। मोटी फिस वसूल रहे इन कोचिंग संस्थानों के मापदंड की भी जांच की जाने की जरूरत है। क्योंकि इन कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई कौन और कितने डिग्रीधारी करवा रहे हैं, इसकी जांच अभी तक नहीं हो पाई है।

**यातायात नियमों की परवाह नहीं है कोचिंग सेंटर संचालकों को–**कोचिंग संस्थान के संचालक नाबालिग छात्रों की सुरक्षा में लापरवाह बने हुए है। उन्हें उनकी सुरक्षा से कोई लेना देना नहीं है। कोचिंग संचालक बच्चों को वाहन चलाकर आने परे भी मना नहीं करते हैं, केवल उनका अपनी मोटी फीस वसूली पर ध्यान है। चाहे बच्चे गाड़ी तेज चलाएं अथवा धीरे, उन्हें सामाजिक सरोकार नहीं दिखता है। बता दें कि कोचिंग संस्थानों की ओर से इस गंभीर मसले पर भी कोई टिप्पणी नहीं आई है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कुकुरमुत्ते की तरह खुले इन कोचिंग संस्थानों के कर्ताधर्ताओं को यातायात के नियमों की भी परवाह नहीं है। इस मसले पर परिजन भी दोषी हैं, जो अपने बच्चों को गाड़ी थमा देते है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर (म.प्र.)**

E-mail-eepwdmandsaur0@gmail.com Ph-07422-255211

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2024-25/एसएसी/ मंदसौर दिनांक 21-08-2024

**✻✻✻✻ निविदा सूचना ✻✻✻✻**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखीत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB _364878 | मंदसौर | AR SR MOW | उपसंभाग मंदसौर के अंतर्गत मल्हारगढ़ शाखा के शासकीय आवासीय एवं अन्य भवनों में ए.आर.एस.आर. एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | First | रु.19.97 |
| 2 | 2024_PWDRB _364879 | मंदसौर | AR SR MOW | उपसंभाग मंदसौर के अंतर्गत मुख्यालय शाखा के शासकीय आवासीय एवं अन्य भवनों में ए.आर.एस.आर. एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | First | रु.19.97 |
| | | | | Total | | रु.39.94 |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र ( mptenders.gov.in ) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 03.09.2024 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

(EMD only RTGS/NEFT)

G-15172/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग, मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in